nt>

Title: De-recognition of the B.R.D. Medical College, Gorakhpur.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) :अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम बी.आर.डी.मैडिकल कालेज, गोरखपुर की मान्यता को समाप्त करने के लिए अभी मैडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा की गई सिफारिश की ओर माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं। बी.आर.डी. मैडिकल कॉलेज, गोरखपुर की मान्यता को तीसरी बार समाप्त करने की सिफारिश मैडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने की है। वर्ा 1998-1999 में गोरखपुर मैडिकल कालेज का इंस्पैक्शन एन.सी.आई. के द्वारा करवाया गया था, जिसमें शिक्षकों की कमी, चिकित्सालय में जो आवश्यक बिस्तर होने चाहिए थे, वे पर्याप्त संख्या में नहीं थे, पैरा मैडिकल स्टाफ की कमी और छात्रावास की कमी, इन चार कमियों से मैडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने कालेज प्रशासन और उत्तर प्रदेश प्रशासन को अवगत कराया था। तत्कालीन सरकार ने एक एफिडेविट भारत सरकार को दिया था और कालेज की मान्यता बहाल हुई थी। वर्ा 2002-2003 में पुनः यह स्थिति पैदा हुई। लेकिन इस बार जो मैडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने बी.आर.डी. मैडिकल कालेज की मान्यता को समाप्त करने के लिए जो सिफारिश की है, यह कालेज का इंस्पैक्शन् किये बिना और मानक देखे बिना सिफारिश की है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश का एकमात्र मैडिकल कालेज है। लगभग छः करोड़ की आबादी में केवल एक मैडिकल कालेज है। इस समय इनसिफेलाइटिस के लगभग 500 मरीज गोरखपुर मैडिकल कालेज में भर्ती हैं। वहां पचास से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इस मामले में जो कुछ कमी है, वह उत्तर प्रदेश सरकार की कमी है। उत्तर प्रदेश सरकार की उदासीनता के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक मात्र मैडिकल कालेज आज बंद होने के कगार पर है। उत्तर प्रदेश सरकार की कमियों और उसकी उदासीनता का खामियाजा पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता क्यों उठाये। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस दें और बी.आर.ड़ी. मैडिकल कालेज की मान्यता समाप्त करने की जो उन्होंने सिफारिश की है, उसे व्यापक जनहित में वापस लिया जाए तथा इनसिफेलाइटिस रोग की रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा उस क्षेत्र में टीकाकरण की व्यवस्था की जाए।

*

श्री मोहन सिंह : अध्यक्ष महोदय, योगी जी ने बहुत अच्छी बात उठाई है, मैं भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि मैडिकल कालेज की मान्यता निरस्त करने जो संस्तुति आई है, उसे भारत सरकार वापस भेज दे।

SPEAKER: I know that. You do not bother about it. You know very well that it is under the Medical Council of India.

श्री मोहन सिंह : अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो इल्जाम लगाया है कि उत्तर प्रदेश मेâ€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : वह अलाऊ किया है, आप मानते नहीं है।

श्री मोहन सिंह : इन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की वजह से यह हो रहा है। उत्तर प्रदेश में नई सरकार तो इस साल आई है, आठ साल से वहां गेरूआ पहनने वालों की सरकार थी।

अध्यक्ष महोदय : आप छोड़िये, बस हो गया। यह आरोप आप मानते नहीं हैं।

श्री मोहन सिंह : तब इनकी ही सरकार थी।

अध्यक्ष महोदय : आप आरोप अस्वीकार करते हैं।

योगी आदित्यनाथ : अध्यक्ष महोदय, इस सरकार के बारे में मैं एक बात कहूंगा कि शिक्षकों की नियुक्तियों के लिए एक साल पर्याप्त होता है। एक साल के समय में वहां की कमियों को पूरा किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय : आपकी पूरी बात रिकार्ड पर आई हैं, यहां मिनिस्टर्स मौजूद हैं।